प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राजधानी रांची, खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन हुआ प्रभावित, मौसम विभाग ने आज इन क्षेत्रों में भारी बारिश की जारी की चेतावनी।

2. झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दावा झारखण्ड की डेमोग्राफी में नहीं हुआ है कोई बदलाव, आसनसोल की विधायक अग्निमित्रा पॉल का आरोप बांगलादेशी घुसपैठ के लिए सोरेन सरकार जिम्मेवार।

3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद और उतराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जामताड़ा में परिवर्तन रैली को आज करेंगे संबोधित, वहीं शिवराज सिंह चौहान और रवि किशन गुमला में करेंगे रोड शो।
4. चतरा के 15 खिलाड़ी आसनसोल में आठवीं ईस्ट जोन रायफल शूटिंग चैंपियनशिप में ले रहे हैं हिस्सा।

****

राजधानी रांची, खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड के कई जिलों में दिख रहा है। मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में आज और कल बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

वहीं दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, सिमडेगा, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और खरसावां में आज शाम तक के लिए भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा पर हमला करते हुए कहा कि हमारे कार्यों को अंकुश लगाने के लिए बड़े–बड़े नेताओं को लगा दिया गया है। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होने कहा कि झारखण्ड में कोई डेमोग्राफी चेंज नहीं हुई है। यहां लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं।

आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राह पर झारखण्ड सरकार वोट बैंक के घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है जिससे यहां की डेमोग्राफी बदल रही है।

****

भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेता आज राज्य में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज धनबाद जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में परिवर्तन महासभा में शामिल हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सिसई स्थित थाना मैदान में परिवर्तन सभा और गुमला में आयोजित रोड शो में शामिल होंगे। इधर, जामताड़ा के कुंडित में आयोजित परिवर्तन सभा को उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संबोधित करेंगे। वहीं गुमला जिला के रायडीह प्रखंड के माझाटोली में गोरखपुर के सांसद रवि किशन रोड शो और जनसभा करेंगे।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरएसएस को देश तोड़ने वाला संगठन बताया है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण अपने पूर्वजों, वंशजो और आदिवासी समाज के अस्मिता को खतरे में डाल रहे है।

****

टाटानगर रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है।

****

कोडरमा जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बारिश के कारण कई इलाकों में जल जमाव के कारण डेंगू से पीड़ित लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। फिलहाल कोडरमा जिले में 32 लोग डेंगू से पीड़ित है, इनमें से कई लोग घरों में रहकर अपना इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रतिदिन डेंगू से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है। सदर अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाया गया है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा मानकों को जांचने का अभियान शुरू किया गया है।

****

पश्चिम बंगाल के आसनसोल में आज से शुरु हो रहे 8 वीं ईस्ट जोन रायफल शूटिंग चैंपियनशिप में चतरा जिले से 15 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। चतरा जिला रायफल शूटिंग क्लब के प्रशिक्षक नीतीश ने जानकारी देते हुए बताया कि जूनियर वर्ग की इस प्रतियोगिता में 6 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 30 सितंबर को होगा। इस चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन प्री नेशनल चैंपियनशिप में होगा।

****